प्रेस विज्ञप्ति

## ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज को नई दिशा दे रहा है.... डॉ. रमन सिंह

रायपुर, 2 मार्च: मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज को नई दिशा दे रहा है। हमारी तपस्वी बहनें गाँव-गाँव में जाकर लोगों को जो ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन की शिक्षा दे रही हैं, वह लोगों की नैतिक उन्नति में सहायक सिद्ध हो रहा है।

डॉ. रमन सिंह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजनीतिक प्रकोष्ठ द्वारा शान्ति सरोवर में मंत्रियों और विधायकों के लिए आयोजित स्नेह मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कुछ वर्षों पूर्व छत्तीसगढ़ के मंत्रियों और विधायकों द्वारा माउण्ट आबू की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वह अत्यन्त अविस्मरणीय यात्रा थी। वहाँ तपस्वीमूर्त दादियों से मिलना और आध्यात्मिक ज्ञान तथा राजयोग की शिक्षा प्राप्त करना सब कुछ बहुत ही यादगार रहा।

उन्होंने कहा कि शान्ति सरोवर में समय-समय पर देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, राजयोग विशेषज्ञों का आगमन होता रहता है जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों को अच्छा लाभ मिलता रहता है।

विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि आज के भौतिक युग में शान्ति सरोवर शान्ति प्राप्त करने का बहुत ही अच्छा स्थान है। यहाँ आने से ही शान्ति और शक्ति की अनुभूति होती है। उन्होंने सभी विधायकों से यहाँ की शिक्षाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया।

नेता प्रतिपक्ष टी. एस. सिंहदेव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इतने अच्छे और शान्त वातावरण में कुछ पल बिताने का अवसर मिला। राज्य का विकास हम सभी का दायित्व है। इसके लिए समय-समय पर हमें मार्गदर्शन मिलता रहे, यही ब्रह्माकुमारी संस्थान से अपेक्षा है।

क्षेत्रीय निदेशक ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने गठन के बाद से बहुत तेजी से विकास किया है। सर्वांगीण विकास के लिए भौतिक विकास के साथ- साथ आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। इसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान अपने सौ से भी अधिक सेवाकेन्द्रों के माध्यम से यह कार्य कर रही है।

माउण्ट आबू से पधारे संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय विश्व परिवर्तन का महत्वपूर्ण कार्य चल रहा है। परमात्मा हमें आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर हमारी कमी कमजोरियों को दूर करने का कार्य कर रहे हैं। इस पुण्य कार्य में हम सभी को मिल-जुलकर सहयोग करना है।

इस अवसर पर कृषि व जल संसाधन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशिला साहू और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पुन्नू लाल मोहिले सहित बड़ी संख्या में पक्ष-विपक्ष के विधायकगण उपस्थित थे।

प्रेषक: प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़
शान्ति सरोवर, विधानसभा रोड, रायपुर फोन: 2104218